लापरवाही | लहसुई रेलवे फाटक से धड़ल्ले से कर रहे आवाजाही, बड़े हादसे का खतरा

# अनाधिकृत मार्ग से गुजर रहे विस्फोटक भरे वाहन




**कोतमा नवभारत 20 जून।** कोतमा क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला और डराने वाला मामला सामने आया है। सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर, क्षेत्र का एक्सप्लोसिव लोड (विस्फोटक सामग्री से भरा) वाहन आमाडाड की ओर जाने के लिए एक अनाधिकृत (अवैध) रेलवे फाटक का धड़ल्ले से प्रयोग कर रहा है। यह लापरवाही किसी दिन इतने बड़े हादसे को जन्म दे सकती है, जिसकी कल्पना मात्र से रूह कांप जाए।

### बिना किसी संकेत के गुजरती है मालगाड़ी

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गोविंदा कोल साइडिंग से कोयला लोड करके निकलने वाली मालगाड़ियां जब इस अनाधिकृत फाटक से गुजरती हैं, तो वहां किसी भी प्रकार का संकेतक (सिग्नल या हॉर्न की पुख्ता व्यवस्था) नहीं है। इस वजह से रास्ते से गुजरने वाले वाहनों को मालगाड़ी के आने का पता ही नहीं चल पाता।

### खुले और अवैध फाटक पर हो चुके हैं हादसे


यह कोई नया खतरा नहीं है। इतिहास गवाह है कि कई वर्ष पूर्व इसी खुले और अवैध फाटक पर एक ट्रैक्टर और एक स्कॉर्पियो गाड़ी मालगाड़ी की चपेट में आ गए थे। उस वक्त दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मालगाड़ी पटरी से उतरते-उतरते बची थी। जब सामान्य वाहनों के टकराने से इतना बड़ा संकट खड़ा हो गया था, तो यदि बारूद और विस्फोटक से भरा कोई वाहन इस मालगाड़ी की चपेट में आ गया, तो क्या होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

### एसईसीएल प्रबंधन मौन क्यों?

एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के अंतर्गत चलने वाले इन एक्सप्लोसिव वाहनों को सुरक्षित और तय मार्ग के बजाय इस शॉर्टकट और खतरनाक रास्ते से जाने की अनुमति कैसे मिल रही है? एक बार बड़ा हादसा होने के बावजूद इस अनाधिकृत रेलवे फाटक को पूरी तरह से बंद क्यों नहीं किया गया या यहां सुरक्षाकर्मी तैनात क्यों नहीं किए गए?

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि किसी बड़ी तबाही का इंतजार किए बिना, जिला प्रशासन, रेलवे सुरक्षा बल और एसईसीएल प्रबंधन को तुरंत इस पर संज्ञान लेना चाहिए। विस्फोटक वाहनों के इस मार्ग से गुजरने पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस अनाधिकृत फाटक को हमेशा के लिए बंद किया जाए, ताकि भविष्य में होने वाली किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके।



# आंधी-तूफान में गिरा पेड़, बैल की मौत

**ग्राम पंचायत औढ़ेरा के राजस्व ग्राम बडहर की घटना**

**अनूपपुर, नवभारत 20 जून।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत औढ़ेरा के राजस्व ग्राम बडहर में शुक्रवार दोपहर अचानक आए तेज आंधी, बारिश और तूफान के दौरान एक बड़ा महुआ का पेड़ जड़ सहित उखड़कर गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से बैल दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बैल ग्राम निवासी माना नायक का था। घटना के बाद पशु मालिक ने तहसीलदार एवं कोतवाली थाना अनूपपुर को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई एवं राहत सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है। शनिवार सुबह पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत बैल का पोस्टमार्टम किया। हल्का पटवारी औढ़ेरा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार करते हुए राहत प्रकरण की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं लगातार बढ़ रही

उल्लेखनीय है कि वर्षाकाल की शुरुआत के साथ वन क्षेत्रों से लगे ग्रामीण इलाकों में आंधी-तूफान, भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले एक माह के दौरान क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ गिरने और प्राकृतिक आपदाओं से पशुधन को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक दो पालतू मवेशियों, जिनमें एक गाभिन भैंस और एक जवान बैल शामिल हैं, की मृत्यु हो चुकी है।

# सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा पुलिस बल

**विशेष प्रशिक्षण के तृतीय बैच का समापन**



**अनूपपुर, नवभारत 20 जून।** आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय बैच का शनिवार को पुलिस लाइन अनूपपुर में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

प्रशिक्षण में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल (वि.स.बल) तथा होमगार्ड के कुल 28 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में अनुशासन, सेवा भावना, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### अंतिम दिन दिया गया विशेष प्रशिक्षण

उन्होंने भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। 15 जून से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सिंहस्थ महापर्व के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## मैकल पार्क में होगा जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

**अनूपपुर, नवभारत।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित मैकल पार्क में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 6 बजे से 7.45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास आयोजित होगा। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक भाग लेकर योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करेंगे। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# कार्यों की पूर्णता पर दें विशेष ध्यान : जिपं सीईओ

**जनपद क्षेत्र की पांच-पांच ग्राम पंचायतों में स्थापित होंगे युवा रीडिंग हॉल**



**अनूपपुर, नवभारत 20 जून।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने मनरेगा एवं जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एसीईओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, जनपद पंचायतों के सीईओ, योजना प्रभारी, एपीओ, एएओ, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ ने मनरेगा के लंबित एवं पूर्णता की ओर अग्रसर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2025-26 के समाप्ति वाले कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राही मूलक ऐसे कार्य, जिनका क्रियान्वयन संभव नहीं है, उन्हें बंद करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा।

### समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाए

सीईओ ने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भवन अनुज्ञा संबंधी दिशा-निर्देशों के पालन की समीक्षा करते हुए प्रत्येक जनपद पंचायत क्षेत्र की पांच-पांच ग्राम पंचायतों में युवाओं के अध्ययन हेतु युवा रीडिंग हॉल स्थापित करने की योजना की प्रगति पर भी चर्चा की। बैठक में व्यक्तिगत शौचालय (सोख्ता गड्ढा युक्त) निर्माण कार्यों के सत्यापन संबंधी आवश्यक निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## एक नजर में



### कार्यशाला में किसानों को दी प्राकृतिक खेती की जानकारी

**अनूपपुर, नवभारत।** कृषि विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल हमारी पारंपरिक कृषि पद्धति है, बल्कि कम लागत में बेहतर उत्पादन, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम भी है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए किसानों को प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना होगा। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके लाभों को गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया।

### शरण चौधरी बने रीवा जबलपुर जोन के प्रभारी

**नवभारत, जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी जबलपुर द्वारा जबलपुर से बसपा के पूर्व पार्षद शरण चौधरी को मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रमाकांत पिप्पल द्वारा रीवा जबलपुर संभाग का जोन इंजार्च नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार भोपाल बहुजन समाज पार्टी कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक में केंद्रीय प्रभारी पूर्व सांसद राजाराम ने इसकी घोषणा की। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रभारी बालकिशन चौधरी, जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार, सुरेश वंशकार, दिनेश कुशवाहा, प्रकाश गौतेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 2,225 लोगों की जांच, 134 का हुआ उपचार





**अनूपपुर, नवभारत 20 जून।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता, जांच एवं उपचार कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में चलाए गए विशेष अभियान के तहत कुल 2,225 लोगों की सिकल सेल जांच की गई। वहीं जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में आयोजित विशेष शिविरों में 134 सिकल सेल मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं।

### लोगों को किया गया जागरूक

कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच को प्रोत्साहित करना तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। जिला चिकित्सालय के स्व-सहायता भवन में आयोजित जागरूकता, जांच एवं पेशेंट सपोर्ट ग्रुप मीटिंग में 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के लोगों की जांच की गई।

### सिकल सेल रोग के लक्षण बताए गए

इस दौरान गर्भवती महिलाओं, बच्चों, मरीजों एवं उनके परिजनों को सिकल सेल रोग के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी दी गई। सिकल सेल कार्यक्रम के सह-नोडल अधिकारी डॉ. शिवेंद्र कुमार द्विवेदी ने समय पर जांच एवं उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. एन.पी. मांझी ने गर्भावस्था के दौरान सिकल सेल एनीमिया के प्रभाव और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।

# राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों की संपत्तियों की निष्पक्ष जांच की जाए : श्रीधर शर्मा



**अनूपपुर, नवभारत 20 जून।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव श्रीधर शर्मा ने राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कुछ व्यक्तियों की संपत्तियों को लेकर सोशल मीडिया पर उठ रहे सवालों के बीच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है।


उन्होंने कहा कि आस्था और धर्म से जुड़े किसी भी संस्थान पर यदि वित्तीय अनियमितताओं या संपत्ति में असामान्य वृद्धि के आरोप लगते हैं, तो उनकी स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।

श्रीधर शर्मा ने कहा कि लगभग पांच वर्ष पूर्व भी उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट के सचिव चंपत राय से जुड़े कुछ मामलों पर सवाल उठाए थे, लेकिन उन पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया।

### आय के स्रोतों की जांच करनी चाहिए

उनका कहना है कि यदि समय रहते तथ्यों की जांच की गई होती, तो आज इस प्रकार के विवाद और चर्चाएं सामने नहीं आतीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे विभिन्न दावों में ट्रस्ट से जुड़े कुछ व्यक्तियों तथा उनके परिजनों या सहयोगियों की संपत्तियों में कथित वृद्धि का उल्लेख किया जा रहा है। इन दावों की सत्यता की पुष्टि करना संबंधित जांच एजेंसियों का दायित्व है। श्री शर्मा का कहना है कि केवल आरोप लगाने वालों से प्रमाण मांगने के बजाय सक्षम एजेंसियों को स्वयं दस्तावेजों, वित्तीय अभिलेखों और आय के स्रोतों की जांच करनी चाहिए।

## शिक्षकों के तबादले पर भगवा पार्टी ने उठाए सवाल, आदेश निरस्त करने की मांग



**अनूपपुर, नवभारत 20 जून।** भारतीय गण वार्ता (भगवा पार्टी) के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जारी हालिया शिक्षक स्थानांतरण आदेशों पर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि जनगणना-2027 के कार्य में संलग्न शिक्षकों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है, तो यह केंद्र और राज्य शासन के स्पष्ट निर्देशों के विपरीत है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री मिश्र ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय तथा मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के स्थानांतरण पर जनगणना कार्य पूर्ण होने तक रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्थानांतरण शासन के निर्देशों के विपरीत

उन्होंने बताया कि अनूपपुर संकुल के निकोडम खलखो, उमाशंकर पटेल और संपत मिश्रा तथा चचाई संकुल के बृजेंद्र सोनी सहित कुछ कर्मचारियों के जनगणना कार्य में संलग्न होने की चर्चा है। यदि अभिलेखों में उनकी ड्यूटी जनगणना कार्य के लिए दर्ज है, तो उनका स्थानांतरण शासन की मंशा और निर्देशों के विपरीत माना जाएगा।

## तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर शुरू

**नवभारत ,जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गुजराती मंडल, महिला मंडल एवं गुजराती मंडल चैरिटेबल क्लीनिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ मढ़ाताल स्थित गुजराती मंडल परिसर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

# संदिग्ध युवक से 1.89 लाख का सामान बरामद

**रेलवे स्टेशन में जीआरपी और आरपीएफ टास्क टीम की संयुक्त कार्रवाई**




**अनूपपुर नवभारत 20 जून।** जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में जीआरपी एवं रेल सुरक्षा बल (टास्क टीम) द्वारा आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिये लगातार चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार-शनिवार की रात प्लेटफार्म व ट्रेन चेकिंग के दौरान युवक को गिरफ्तार किया गया और कब्जे से चोरी के गहने और नगदी सहित करीब 1 लाख 89 हजार रुपये का सामान बरामद किया गया है।

रेल पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रीतम सिंह ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की रात प्लेटफार्म व ट्रेन चेकिंग के दौरान एक युवक यात्रियों की भीड में संदिग्ध अवस्था में यात्रियों के सामानों की ताकझाक करते दिखाई पडा, जो पुलिस को देखकर भागने के प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### महिला यात्री का बैग लेकर कूद गया था

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम लक्ष्मण बंसल बताया। कड़ाई से पूछताछ पर उसने बताया कि अप्रैल महीने में रात्रि में अमरकंटक एक्सप्रेस में अनूपपुर स्टेशन से जैसे ही गाडी रुकी थी जनरल कोच की एक महिला यात्री का बैग लेकर कूद गया था एवं दो अन्य ट्रेनों में भी चोरी की घटना स्वीकर की व चोरी का सामान अपने घर केराडोल में छिपा कर रखने की बात कबूली।

### केराडोल में आरोपी घर से सामान किया बरामद

आरोपी के कब्जे से नगदी 4000 रूपये, एक सोने का झुमका कीमती 90000 रूपये, एक सोने का लाकेट कीमती 12000, नगदी एक मंगलसूत्र कीमती 40000 रूपये, एक कान के टाप्स कीमती 22000 रूपये, जितिया कीमती 11000 रूपये, चांदी की पायल कीमती 10000 रूपये कुल 1,89,000 रूपये का सामान घर केराडोल से जब्त किया गया।

सफलता | इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी दोस्ती, आरोपी गिरफ्तार

# लापता नाबालिग जबलपुर से सुरक्षित बरामद



**अनूपपुर, नवभारत 20 जून।** सोशल मीडिया के जरिए हुई दोस्ती एक नाबालिग बालिका के लिए मुसीबत बन गई, लेकिन बिजुरी पुलिस की तत्परता और सायबर सेल की मदद से उसे सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना बिजुरी में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 12 जून की रात घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों को आशंका थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### पुलिस की विशेष टीम गठित की गई

पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में नाबालिग की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान सामने आया कि बालिका की इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी से दोस्ती हुई थी और वह उसके बहकावे में आकर घर छोड़कर चली गई थी।

### डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर मिली सफलता

सायबर सेल, मोबाइल टावर लोकेशन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जबलपुर जिले के बेलखेड़ा क्षेत्र से नाबालिग को सकुशल दस्तयाब कर लिया। मौके से दमोह निवासी आरोपी प्रदीप महरा को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।